सं. 3/1/2013. प्रशा. 2

भारत सरकार

Government of India

विद्युत मंत्रालय

Ministry of Power

श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली–110001

टेलीफोन नं. 23715507: फैक्स नं. 23717519

दिनांक: 2 APR 2013

## रिक्ति परिपत्र

**विषय: विद्युत मंत्रालय में संयुक्त पद्धति ( प्रतिनियुक्ति और प्रोन्नति) के द्वारा वेतन बैण्ड–2, 9300–34800 रु0 + ग्रेड वेतन 4200 रु0 में पुस्तकालय और सूचना सहायक के पद को भरे जाने के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि विद्युत मंत्रालय में सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख' अराजपत्रित, अनानुसचिवीय, वेतन बैंड–2, 9300–34800 रुपए + ग्रेड वेतन 4200 रुपए में पुस्तकालय और सूचना सहायक के एक पद को संयुक्त पद्धति( प्रतिनियुक्ति और प्रोन्नति) के द्वारा भरा जाना प्रस्तावित है।

2. नियुक्ति की अर्हता मानदंड और अन्य बंधन एवं शर्तें अनुबंध–1 में दी गई हैं। नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों का वेतन, प्रतिनियुक्ति(ड्यूटी) भत्ता आदि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के समय–समय पर यथा संशोधित कार्यालय ज्ञापन संख्या–6/8/2009–स्थापना (वेतन–II) दिनांक 17 जून, 2010 में दिये गये अनुदेशों के अनुसार विनियमित होगा।

3. यह अनुरोध किया जाता है कि पात्र एवं इच्छुक अधिकारी, जिनकी सेवायें चयन होने पर तुरन्त छोड़ी जा सकें, निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध–2) में प्रतिवेदन( दो प्रतियों में) रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर, अग्रेषण प्राधिकारी( अनुबंध–3) के प्रमाण पत्र एवं निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरी (कमरा नं. 24, श्रम शक्ति भवन, नई दिल्ली–110001) को भेजें:

1. सर्तकता संबंधी स्वीकृति प्रमाणपत्र
2. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र
3. विगत दस वर्षो का भारी/लघु दण्ड प्रमाणपत्र
4. विगत पांच वर्षों की गोपनीय रिपोर्टों की प्रतियां, जोकि न्यूनतम अवर सचिव रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से सत्यापित की गई हों।

4. प्रतिनियुक्ति/आमेलन के द्वारा नियुक्ति की अधिकतम आयु–सीमा आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। उचित माध्यम से अग्रेषित न किये गए अथवा अपेक्षित दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों के बिना या अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

5. जिन उम्मीदवारों ने पद के लिए आवेदन किया है, उन्हें अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी।

6. यह अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वर्णित रिक्ति को संबंधित मंत्रालय/विभाग के सभी संगठनों में परिचालित किया जाए ।

**'सरकार कार्यक्षेत्र में लिंग संतुलन के लिए प्रयत्नशील है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित करती है।'**

पी.पी.बोस

(पी.पी.बोस)

अवर सचिव, भारत सरकार

टेलीफोन नं. 23715327

**अनुबंध–1**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पद का नामः | पुस्तकालय और सूचना सहायक |
| 2. | पदों की संख्याः | एक |
| 3. | वर्गीकरणः | सामान्य केन्द्रीय सेवा,समूह'ख', अराजपत्रित, अनानुसचिवीय |
| 4. | वेतन बैंड और ग्रेड वेतनः | वेतन बैंड–2, 9300–34800रु.+ ग्रेड वेतन 4200रु. |
| 5. | भर्ती की पद्धतिः | **संयुक्त पद्धति (प्रतिनियुक्ति और प्रोन्नति)** |
| 6. | पात्रता : | **संयुक्त पद्धति (प्रतिनियुक्ति और प्रोन्नति):**<br>ऐसे विभागीय पुस्तकालय लिपिक,जिन्होंने वेतन बैंडः1, 5200–20200 रु. + ग्रेड वेतन 1900 रु. की श्रेणी में 13 वर्ष नियमित सेवा की है, पर भी बाहरी व्यक्तियों के साथ विचार किया जायेगा यदि विभागीय पुस्तकालय लिपिक का चयन हो जाता है तो वह पद प्रोन्नति द्वारा भर लिया गया समझा जाएगा।<br>**टिप्पणी** : प्रोन्नति के लिए न्यूनतम अर्हक सेवा की गणना करने के प्रयोजन के लिए, किसी अधिकारी द्वारा 1–1–2006 से पहले/उस तारीख से, जिससे छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों के आधार पर संशोधित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तद्नुरूपी ग्रेड वेतन/वेतनमान में की गई सेवा समझी जाएगी।<br>**प्रतिनियुक्ति :**<br>केन्द्रीय सरकार के ऐसे अधिकारी :–<br>(क) (i) जो मूल संवर्ग या संगठन में नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हैं ; या<br>(ii) जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में वेतन बैंड–1, 5200–20200 रु. + ग्रेड पे 2800 रु. या समतुल्य पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में छह वर्ष सेवा की है ; या<br>(iii) जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में वेतन बैंड–1, 5200–20200 रु. + ग्रेड वेतन 2400 रु. या समतुल्य पदों पर नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात् उस श्रेणी में दस वर्ष सेवा की है ; या<br>(iv) जिनके पास पुस्तकालय विज्ञान में डिग्री हो और जिन्होंने मूल संवर्ग/विभाग में तेरह वर्ष सेवा की है तथा वेतन बैंड–1, 5200–20200 रु. + ग्रेड वेतन 1900 रु. या समतुल्य में पद धारण किये हुए हैं ; और<br>(ख). जिनके पास निम्नलिखित शैक्षिक आर्हताएं और अनुभव हैं :–<br>**(i) अनिवार्यः**<br>(1) किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय/संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक डिग्री ; या<br>(2) किसी मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से स्नातक डिग्री।<br>(ii) **वांछनीय :**<br>केंद्रीय सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या स्वायत्त निकायों या विश्व विद्यालय के पुस्तकालय में दो वर्ष का व्यावसायिक |

| | | |
|---|---|---|
| | | अनुभव ; या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कंप्यूटर अनुप्रयोगमें डिप्लोमा।<br>पोषक प्रवर्ग के ऐसे विभागीय अधिकारी, जो प्रोन्नति की सीधी पंक्ति में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।उसी प्रकार से, प्रतिनियुक्त अधिकारी प्रोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे।<br><br>(प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसके अंतर्गत् केंद्रीय सरकार के उसी/किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है,सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी। प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी। )<br>**टिप्पणी** : प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के प्रयोजन के लिए किसी अधिकारी द्वारा 1–1–2006 से पहले उस तारीख से जिससे छठे केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित संशोधित वेतन संरचना का विस्तार किया गया है, नियमित आधार पर की गई सेवा को, सिवाय उस दशा के जहां एक से अधिक संशोधन पूर्व वेतनमान का साधारण (कॉमन) ग्रेड वेतन या वेतनमान सहित एक श्रेणी में विलय हो गया है और वहां यह लाभ केवल उस पद(उन पदों) पर विस्तारित होगा जिसके लिए ग्रेड वेतन या वेतनमान बिना किसी उन्नयन का साधारण प्रतिस्थापन ग्रेड है, वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित विस्तारित तद्नुरूपी ग्रेड वेतन/वेतनमान पर की गई सेवा समझी जाएगी। |
| 7. | कर्त्तव्यों का संक्षिप्त विवरण : | **विभागीय पुस्तकालय का प्रशासन, दस्तावेजों को प्रोसेस करना, पुस्तकों और नियतकालिक पत्रिकाओं का अर्जन, संदर्भ और संदर्भ ग्रंथ सूची सेवा, परिचालन, प्रमोशनल कार्य को प्रदर्शित करना, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, बाइण्डिंग आदि।** |

अनुबंध–2

**विद्युत मंत्रालय में पुस्तकालय और सूचना सहायक के पद के लिए शैक्षिक एवं कार्य–अनुभव प्रोफार्मा**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | नाम और पता ( बड़े अक्षरों में) | | |
| 2 | जन्मतिथि (ईस्वी काल के अनुसार) | | |
| 3 | केन्द्र/राज्य सरकार नियमावली के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तिथि | | |
| 4 | शैक्षिक योग्यता | | |
| 5 | क्या पद हेतु वांछित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं पूरी हैं (यदि कोई अर्हता नियम में दी गई किसी एक के समतुल्य मानी गई है, तो उसका आधार बताएं) | | |
| | अर्हताएं/अपेक्षित अनुभव | | अधिकारी द्वारा धारित अर्हताएं/अनुभव |
| | अनिवार्य (1) | | |
| | (2) | | |
| | (3) | | |
| | वांछनीय (1) | | |
| | (2) | | |

<table>
<tr><td>6</td><td>कृपया स्पष्ट रूप से बताएं, कि ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में, आप पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं</td><td></td></tr>
<tr><td>7</td><td colspan="2">कालानुक्रम में रोजगार का विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अपने हस्ताक्षर से पूर्णतः सत्यापित अलग कागज नत्थी करें।<br><br>
<table>
<tr><td>कार्यालय / संस्थान</td><td>धारित पद</td><td>से</td><td>तक</td><td>वेतनमान और मूल वेतन</td><td>कार्यों (ड्यूटी) की प्रकृति ( विस्तार में)</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
</table>
</td></tr>
<tr><td>8</td><td>वर्तमान रोजगार की प्रकृति अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या नियमित</td><td></td></tr>
<tr><td>9</td><td>यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति द्वारा धारित हो, तो बताएं<br><br>(क) प्रारम्भिक नियुक्ति की तिथि<br><br>(ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि<br><br>(ग) मूल कार्यालय / संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं</td><td></td></tr>
<tr><td>10</td><td>कृपया बताएं कि क्या आप केन्द्र सरकार या राज्य सरकार / संघ राज्य क्षेत्र या विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान या सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम या अर्द्ध-सरकारी या सांविधिक या स्वायत्त संस्थानों के अधीन कार्यरत् हैं</td><td></td></tr>
</table>

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हॉ, तो संशोधन की तिथि बताएं और संशोधित वेतनमान भी बताएं | | | | | |
| | तिथि | वेतनमान (संशोधन पूर्व) | मूल वेतन (संशोधन पूर्व) | वेतन संशोधन की तिथि | संशोधित वेतनमान, वेतन बैण्ड और ग्रेड वेतन | संशोधित मूल वेतन |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| 12 | अब प्राप्त की जा रही कुल मासिक परिलब्धियां | | | | | |
| 13 | अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो, जो आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के संबंध में देना चाहते हों (यदि स्थान अपर्याप्त हो,तो अलग शीट में संलग्न करें) | | | | | |
| 14 | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित हैं | | | | | |

दिनांक:

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

कार्यालय का पूरा पता:

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोक्ता मोहर सहित)

अनुबंध–3

(नियोक्ता/ कार्यालय प्रधान/अग्रेषण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि ..................................................................................द्वारा दिये गये विवरण सही हैं और वह रिक्ति परिपत्र में दी गई शैक्षिक अर्हता और अनुभव धारित करते हैं।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :–

(i) श्री/श्रीमती.......................................................................के विरूद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचारित नहीं है।

(ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

(iii) उनके सी.आर.डोजियर मूल रूप में संलग्न हैं/भारत सरकार के अवर सचिव के रैंक या उच्च अधिकारी द्वारा विधिवत् सत्यापित पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की फोटोकापियां संलग्न हैं।

(iv) *पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर कोई भारी/लघु दण्ड नहीं लगाया गया है।*

(v) पिछले दस वर्षों के दौरान उन पर लगाए गए भारी/लघु दण्ड की सूची संलग्न है।

हस्ताक्षर :
नाम और पदनाम :
टेलीफोन नं. :
फैक्स नं. :
कार्यालय मोहर :

स्थानः
दिनांकः

संलग्नकों की सूचीः
1.
2.
3.
4.
5.

( * जो लागू न हो, उसे काट दें। )